# गंगा उत्सव 2022

## प्रलिम्सि के लयि:

**राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मशिन, गंगा नदी**, राष्ट्रीय गंगा परषिद, स्वच्छ गंगा कोष, गंगा एक्शन प्लान।

## मेन्स के लयि:

गंगा उत्सव- नदी महोत्सव।

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में जल शक्ति मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मशिन (NMCG) **के सहयोग से गंगा उत्सव 2022 का आयोजन कयि।**

## गंगा उत्सव 2022:

- **परचिय:**
  - **लोगों का नदी के साथ संबंध मज़बूत करने के लयि NMCG प्रत्येक वर्ष उत्सव मनाता है।**
    - NMCG वर्ष 2016 में स्थापति राष्ट्रीय गंगा परषिद की कार्यान्वयन इकाई है, जसिने राष्ट्रीय गंगा नदी बेसनि प्राधकिरण (NRGBA) की जगह ली है।
    - NMCG को गंगा उत्सव 2021 के पहले दनि फेसबुक पर एक घंटे में अपलोड कयि गए हस्तलखिति नोटों की सबसे अधकि तस्वीरों के लयि गनिीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रकिॉर्ड में दर्ज कयि गया है।
  - यह गंगा के पुनरुद्धार में **जनभागीदारी (लोगों की भागीदारी)** के महत्त्व पर प्रकाश डालता है, जसिमें गंगा नदी के कायाकल्प के लयि हतिधारकों की भागीदारी और सार्वजनकि भागीदारी को प्रोत्साहति करने पर ध्यान केंद्रति कयि गया है।
- **गंगा उत्सव 2022:**
  - गंगा उत्सव 2022 आज़ादी का अमृत महोत्सव को समर्पति है जसिे भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य **गंगा तथा इसकी सहायक नदियों के बेसनि वाले शहरों और कस्बों में 75 अलग-अलग कार्यक्रम आयोजति करना** है।
  - इस उत्सव में **कला, संस्कृति, संगीत, ज्ञान, कवतिा, संवाद और कहानयिों का मश्रिण** शामलि होगा।
  - **स्थानीय लोगों के साथ संबंध स्थापति करने और** नमामि गंगे **को जन आंदोलन के रूप में बढ़ावा देने** के लयि ज़लिों में ववििध जागरूकता गतविधियिाँ आयोजति की जाएंगी।

## संबंधति पहलें:

- **गंगा एक्शन प्लान:** यह पहली नदी कार्ययोजना थी जो 1985 में पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा लाई गई थी। इसका उद्देश्य जल अवरोधन, डायवर्ज़न व घरेलू सीवेज के उपचार द्वारा पानी की गुणवत्ता में सुधार करना तथा वषिाक्त एवं औद्योगकि रासायनकि कचरे (पहचानी गई प्रदूषणकारी इकाइयों से) को नदी में प्रवेश करने से रोकना था।
  - **राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना गंगा एक्शन प्लान** का ही वस्तिार है। इसका उद्देश्य गंगा एक्शन प्लान के फेज़-2 के तहत गंगा नदी की सफाई करना है।
- **राष्ट्रीय नदी गंगा बेसनि प्राधकिरण (NRGBA):** इसका गठन भारत सरकार द्वारा वर्ष 2009 में पर्यावरण संरक्षण अधनियिम, 1986 की धारा-3 के तहत कयि गया था।
- **स्वच्छ गंगा कोष:** वर्ष 2014 में इसका गठन गंगा की सफाई, अपशष्टि उपचार संयंत्रों की स्थापना तथा नदी की जैवकि ववििधता के संरक्षण के लयि कयि गया था।
- **भुवन-गंगा वेब एप:** यह गंगा नदी में होने वाले प्रदूषण की नगिरानी में जनता की भागीदारी सुनश्चिति करता है।
- **अपशष्टि नपिटान पर प्रतबिंध:** वर्ष 2017 में राष्ट्रीय हरति अधकिरण (National Green Tribunal- NGT) द्वारा गंगा नदी में कसिी भी प्रकार के कचरे के नपिटान पर प्रतबिंध लगा दयि गया।

# गंगा नदी

- **यह भारत की सबसे लंबी नदी है** जो 2,510 किमी. लंबी है, यह पहाड़ों, घाटियों और मैदानों में बहती है एवं हिंदुओं द्वारा पृथ्वी पर सबसे पवित्र नदी के रूप में प्रतिष्ठित है।




- गंगा बेसिन **भारत, तिब्बत (चीन), नेपाल और बांग्लादेश में 10,86,000 वर्ग किमी.** के क्षेत्र में फैला है।
- भारत में यह **उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, झारखंड, हरियाणा, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली** को कवर करता है, जिसका क्षेत्रफल 8,61,452 वर्ग किमी. है जो लगभग देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 26% है।
- यह हिमालय में **गंगोत्री हिमनद** के हिम क्षेत्रों से निकलती है।
- इसे उद्गम स्रोत पर भागीरथी कहा जाता है। **यह घाटी से नीचे देवप्रयाग तक बहती है जहाँ एक अन्य पहाड़ी नदी अलकनंदा से मिलती है, फलस्वरूप इसे गंगा कहा जाता है।**
- यमुना और सोन नदी, दाहिनी ओर से मिलने वाली मुख्य सहायक नदियाँ हैं।
- रामगंगा, घाघरा, गंडक, कोसी और महानंदा बाई ओर से गंगा नदी में मिलती हैं। चंबल व बेतवा दो अन्य महत्त्वपूर्ण उप-सहायक नदियाँ हैं।
- गंगा नदी का बेसिन दुनिया के सबसे उपजाऊ और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है एवं 1,000,000 वर्ग किमी. के क्षेत्र को कवर करता है।
- **गंगा नदी डॉल्फिन** एक लुप्तप्राय जानवर है जो विशिष रूप से इस नदी में पाया जाता है।
- गंगा बांग्लादेश में ब्रह्मपुत्र से मिलती है और पद्मा या गंगा के नाम से अपना प्रवाह जारी रखती है।
- **बंगाल की खाड़ी में गिरने से पहले गंगा नदी बांग्लादेश** के **सुंदरबन दलदल** में गंगा डेल्टा का विस्तार करती है।

## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा विगत वर्ष के प्रश्न (पीवाईक्यू)

**??????????:**

**प्रश्न. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

**राष्ट्रीय उद्यान : उद्यान से होकर बहने वाली नदी**
1- कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान : गंगा
2- काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान : मानस
3- साइलेन्ट वैली राष्ट्रीय उद्यान : कावेरी

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3
(d) कोई नहीं

**उत्तर: (d)**

---

**प्रश्न- निम्नलिखित में से कौन-सी 'राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण National Ganga River Basin Authority (NGRBA)' की प्रमुख विशेषताएँ हैं?**

दृष्टि The Vision

1- नदी बेसनि, योजना एवं प्रबंधन की इकाई है।
2- यह राष्ट्रीय स्तर पर नदी संरक्षण प्रयासों की अगुवाई करता है।
3- NGRBA का अध्यक्ष चक्रानुक्रमकि आधार पर उन राज्यों के मुख्यमंत्रियों में से एक होता है, जनिसे होकर गंगा बहती है।

**नीचे दयि गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनयि:**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (a)**

---

***?????***

**प्रश्न.** नामामी गंगे और स्वच्छ गंगा का राष्ट्रीय मशिन (NMCG) कार्यक्रमों पर तथा इससे पूर्व की योजनाओं के मश्रिति परणिामों के कारणों पर चर्चा कीजयि। गंगा नदी के पररिक्षण में कौन-सी प्रमात्रा छलांगें, क्रमकि योगदानों की अपेक्षा ज़्यादा सहायक हो सकती हैं? **(2015)**

**स्रोत:पी.आई.बी.**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ganga-utsav-2022